# मिशन शिक्षण संवाद

काव्यांजलि मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

# काव्यांजलि.......

## माह- जुलाई, 2024

मिशन शिक्षण संवाद

### संकलन कार्य- काव्यांजलि टीम, मिशन शिक्षण संवाद


शिक्षा का उत्थान मिशन शिक्षण संवाद शिक्षक का सम्मान।
दिनांक 02 जुलाई, 2024 काव्यांजलि 2247 दिन मंगलवार
आपका दिन शुभ हो।
कक्षा-6, विषय- हिन्दी(मंजरी)
लोकगीत (पाठ-14, भाग-02)

आल्हा गाते राजकवि जगनिक,
बुन्देलखण्डी राजाओं की शान।
ढोलक के संग करते नट हैं,
आल्हा-ऊदल की वीरता बखान।।

सोहर, बनरी, सेहरा, गारी,
बड़ी पुरानी रीति रही है।
कालिदास ने इन गीतों की,
महिमा निज ग्रन्थों में कही है।।

गुजराती गरबा की रसिकता,
ब्रज के रसिया की लोचकता।
भोजपुरी, बिदेसिया बिहार में
छठ पूजा पर गाया जाता।।

पंजाबी ढोला-मारू, माहिया,
गीतों के संग भाँगड़ा करते।
गाँव के गीत हैं सच्चे लोकगीत,
जहाँ खुशियों की मेघ बरसते।।

रचना शिखा वर्मा (इं०प्र०अ०)
उच्च प्राथमिक विद्यालय स्योढ़ा
क्षेत्र- बिसवाँ, जनपद- सीतापुर

आओ हाथ से हाथ मिलायें 9458278429 बेसिक शिक्षा का मान बढ़ायें


मिशन शिक्षण संवाद
दिनांक 22 जुलाई 2024 काव्यांजलि 2264 दिन सोमवार
आपका दिन शुभ हो।
विषय- संस्कृत, कक्षा- 4, पाठ- 06 (भाग- 02)
बुद्धि बलम्

मासूमियत से, उस खरगोश ने,
देरी से आने का कारण बताया।
रोक लिया मुझे, जिसने पथ में,
आप जैसा एक सिंह वन में आया।।

लेकर चलो मुझे उस सिंह के पास,
यह कहकर सिंह जोरों से गरजा।
सिंह को लेकर फिर, खरगोश चतुर,
उस गहरे कुएँ के पास में पहुँचा।।

झाँका कुएँ में जब सिंह तो जल में,
दिखलायी दी उसी की परछाई।
समझ करके दूसरा सिंह, उस शेर ने,
मारने के लिए छलांग लगायी।।

मर ही गया वह शेर भयंकर,
परेशान जो सबको था करता।
"बल से हमेशा बुद्धि बड़ी है",
खरगोश वन में सबसे यह कहता।।

~रचना~
श्रीमती पूनम गुप्ता (स०अ०)
प्रा० वि० धनीपुर, क्षेत्र- धनीपुर
जनपद- अलीगढ़

आओ हाथ से हाथ मिलायें 9458278429 बेसिक शिक्षा का मान बढ़ायें


मिशन शिक्षण संवाद
दिनांक 29 जुलाई 2024 काव्यांजलि 2270 दिन सोमवार
आपका दिन शुभ हो।
विषय- हमारा भूमण्डल कक्षा- 7 पाठ- 5, भाग- 3
वायुमण्डल की परतें

समतापमण्डल में है ओजोन परत,
जो है सबसे महत्वपूर्ण परत।
बचाती हमें पराबैगनी किरणों से,
जो सूर्य की किरण है हानिकारक।।

मध्यमण्डल में होता उल्कापात,
टूटते हैं तारे समय होता है रात।
होती है जब ये घटना घटित,
देख होते हैं हम आश्चर्यचकित।।

आयनमण्डल रेडियो तरंगों को,
पृथ्वी की ओर करता परिवर्तित।
जिसके कारण हमें सुनाई देता,
रेडियो-टेलीविज़न का प्रसारण।।

वायुमण्डल की सबसे बाहरी परत,
को कहते हैं बाह्य मण्डल परत।
हाईड्रोजन-हीलियम गैसें मिलतीं,
कृत्रिम ग्रह होते हैं स्थापित।।

रचना- रुखसाना बानो (स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय अहरौरा
जमालपुर, मीरजापुर

आओ हाथ से हाथ मिलायें 9458278429 बेसिक शिक्षा का मान बढ़ायें


मिशन शिक्षण संवाद
दिनांक 23/07/2024 काव्यांजलि 2265 दिन मंगलवार
आपका दिन शुभ हो।
कक्षा- 5, विषय- हिन्दी पाठ- 02
पंच परमेश्वर (भाग-2)

फैसला हुआ हर माह खर्च,
खाला को देना होगा।
नहीं तो खाला की जमीन,
तुमसे वापिस लेना होगा।।

सुनकर फैसला अलगू का,
जुम्मन था सकपकाया।
बदला लूँगा अलगू से एक दिन,
था मन में उसके आया।।

कुछ ही दिनों के बाद जुम्मन,
शेख को मिल गया मौका।
अलगू चौधरी के बैलों की,
टूटी जोड़ी जैसे टूटी नौका।।

समझू साहू ने अलगू का,
एक बैल था खरीद लिया।
काम लिया उस बैल से बेहद,
पर भूखा वो मार दिया।।

रचना- पारुल चौधरी (स०अ०)
उ० प्रा० वि० हरचंदपुर (1-8)
खेकड़ा, बागपत

आओ हाथ से हाथ मिलायें 9458278429 बेसिक शिक्षा का मान बढ़ायें

Scanned with OKEN Scanner

शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।
दिनांक 01 जुलाई 2024
काव्यांजलि 2246
दिन सोमवार
पाठ- 16
आपका दिन शुभ हो।
कक्षा- 6,,7, 8, विषय- स्काउट/गाइड

# शिविर उपकरण

स्काउट गाइड का जब,
कोई प्रशिक्षण होता है।
प्रशिक्षण में प्रशिक्षार्थी को,
शिविर लगाना होता है।।



शिविर लगाने के वक्त,
काम आते हैं उपकरण।
कुल्हाडी, कैंची, फावड़ा,
काम को करते हैं सरल।।

अगर स्काउट गाइड को,
होगा उपकरणों का ज्ञान।
बाहर जा शिविर लगाना,
उन सबको होगा आसान।।

उपकरणों का रख रखाव,
जिस व्यक्ति को आता है।
फिर उस प्रशिक्षार्थी को,
प्रशिक्षण में आनन्द आता है।।

रचना- शहनाज़ बानो (स०अ०)
उच्च प्रा० वि०- भौरी
मानिकपुर, चित्रकूट






Scanned with OKEN Scanner

शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।

दिनांक
02 जुलाई, 2024

काव्यांजलि
2247

दिन
मंगलवार



आपका दिन शुभ हो।

कक्षा-6, विषय- हिन्दी(मंजरी)


# लोकगीत (पाठ-14, भाग-02)

आल्हा गाते राजकवि जगनिक,
बुन्देलखण्डी राजाओं की शान।
ढोलक के संग करते नट हैं,
आल्हा-ऊदल की वीरता बखान।।

सोहर, बनरी, सेहरा, गारी,
बड़ी पुरानी रीति रही है।
कालिदास ने इन गीतों की,
महिमा निज ग्रन्थों में कही है।।

गुजराती गरबा की रसिकता,
ब्रज के रसिया की लोचकता।
भोजपुरी, बिदेसिया बिहार में
छठ पूजा पर गाया जाता।।

पंजाबी ढोला-मारू, माहिया,
गीतों के संग भाँगड़ा करते।
गाँव के गीत हैं सच्चे लोकगीत,
जहाँ खुशियों की मेघ बरसते।।







रचना
शिखा वर्मा (इं०प्र०अ०)
उच्च प्राथमिक विद्यालय स्योढ़ा
क्षेत्र- बिसवाँ, जनपद- सीतापुर





Scanned with OKEN Scanner

शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।



दिनांक
03 जुलाई
2024

# काव्यांजलि
2248

दिन
बुधवार


आपका दिन शुभ हो।

# उत्तर का पर्वतीय भाग

कक्षा-06 विषय- भूगोल
(पृथ्वी और हमारा जीवन)
पाठ-08

पहला भाग उत्तर का,
पर्वतीय भाग जानों।
जम्मू लद्दाख से अरुणांचल तक,
फैला है ये मानों।।

यह भाग हिमालय का,
तीन भागों में बटा।
वृहद लघु व मध्य हिमालय,
हमने है ये पढ़ा।।




दो शब्दों से मिलकर,
हिमालय देखो है बना।
हिम और आलय ये हैं,
बर्फ का घर बर्फ से ढका।।

सबसे ऊँची चोटी,
माउंट एवरेस्ट कहाती।
ऊँचाई इसकी 8850 मीटर,
चोमूलँगमा नाम से भी जानी जाती।।

रचना:-
सुधांशु श्रीवास्तव (स०अ०)
प्राथमिक विद्यालय मणिपुर
ऐरायां, फ़तेहपुर






Scanned with OKEN Scanner

शिक्षा का उत्थान

मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान।



दिनांक
04 जुलाई 2024

काव्यांजलि
2249

दिन
गुरुवार

आपका दिन शुभ हो।

कक्षा -2 विषय- कलरव (हिन्दी)

पाठ-15
भाग- 01

# कद्दू राजा की बारात

कद्दू राजा की बारात,
चली सब सज धजकर।
सारी सब्जियाँ बनी बाराती,
और चली सज धजकर।।




आलू, टमाटर ने सबको,
खूब नाच दिखाया।
पालक, भिण्डी, मैथी ने
भी खूब ठुमका लगाया।।

मोटे ताजे बैगन जब,
गाड़ी लेकर आये।
कद्दू राजा बैठ गाड़ी में
खूब इतराये।।

सज धजकर लौकी दुल्हन,
जब सामने आयी।
देख कर दूल्हे राजा को,
लौकी दुल्हन मुस्कायी।।

रचना-
मृदुला वर्मा (स०अ०)
प्रा० वि० अमरौधा प्रथम
क्षेत्र- अमरौधा, जनपद- कानपुर देहात

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।





Scanned with OKEN Scanner

दिनांक
05 जुलाई
2024

# काव्यांजलि
2250


दिन
शुक्रवार

आपका दिन शुभ हो।

## विषय- हमारा भूमण्डल, कक्षा- 7, पाठ- 5 भाग -1

# वायुमण्डल की परतें....

वायुमण्डल की गैसों को,
पृथ्वी आकर्षित करती है।
वायुमण्डल की गैसों से,
सबकी ज़िन्दगी चलती है।।




वायुमण्डल में पृथ्वी के पास,
भारी गैसें पायी जाती हैं।
वायुमण्डल में ऊँचाई पर,
हल्की गैसें पायी जाती हैं।।

तापमान-घनेपन के आधार पर,
वायुमण्डल परतें होती पाँच।
सबको लिखकर याद करेंगे,
बारी-बारी से उनके नाम।।


क्षोभमण्डल-समतापमण्डल,
इसके आगे है मध्यमण्डल।
और बढ़े आगे तो मिला,
आयनमण्डल-बाह्यमण्डल।।



रचना:-
रुखसाना बानो (स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय अहरौरा
जमालपुर, जनपद- मिर्ज़ापुर



Scanned with OKEN Scanner



दिनांक 06 जुलाई 2024

# काव्यांजलि
2251

दिन शनिवार

पाठ- 08

आपका दिन शुभ हो।

कक्षा- 6


## विषय- भूगोल (पृथ्वी और हमारा जीवन)
## भारत का भौतिक स्वरूप

### हिमाचल श्रेणी

मध्य हिमालय नाम से जानें,
हम हिमाचल श्रेणी को,
हिमाद्रि के दक्षिण में स्थित,
यह पर्वतीय श्रेणी जो।।

शिमला, कुल्लू, श्रीनगर,
डलहौजी, नैनीताल।
अल्मोड़ा, दार्जिलिंग से,
रमणीक स्थान।।

पश्चिम में कश्मीर घाटी,
हिमाद्रि, हिमाचल के बीच में।
डल झील आकर्षण केन्द्र है,
स्थित जो कश्मीर में।।



### शिवालिक श्रेणी

हिमालय के सबसे दक्षिण में,
स्थित शिवालिक श्रेणी।
उपहिमामालय भी कहलाती,
है कम ऊँचाई वाली श्रेणी।।

घने वनों की यहाँ अधिकता,
खैर, कीकर, बबूल मिलता।

रचना
अरविन्द कुमार सिंह (स० अ०)
प्रा० वि० धवकलगंज
बड़ागाँव, वाराणसी





Scanned with OKEN Scanner

शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।
दिनांक 8 जुलाई 2024
काव्यांजलि 2252
दिन सोमवार
आपका दिन शुभ हो।

कक्षा 3, विषय-हिन्दी (पंखुड़ी)

## पाठ 10, बन्दर बाँट (भाग 1)



काली सफेद थी दो बिल्ली,
प्यारी सहेली थीं वो बिल्ली।
भूखी दोनों एक दिन बिल्ली,
चली ढूंढने दोनों रोटी बिल्ली।।

दिखी मेज पर एक रोटी,
देखी पहले सफेद ने रोटी।
सफेद डरी और ले ना पायी,
काली झपटी और रोटी उठायी।।



काली रोटी लेकर भागी,
सफेद ने उसे आवाज लगायी।
बोली मुझको भी दे दे रोटी,
मैंने दिखाई तुझे थी रोटी।।

काली बोली मैं थी झपटी,
उठायी मैंने थी यह रोटी।।
दोनों लगी फिर झगड़ा करने,
एक दूजे को दें न जानें।।

रचना
डॉ० नीतू शुक्ला (प्र० अ०)
मॉडल प्राइमरी स्कूल बेथर 1
सिकन्दरपुर करन, उन्नाव





Scanned with OKEN Scanner

शिक्षा का उत्थान
# मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।



दिनांक 09 जुलाई 2024


# काव्यांजलि
2253

दिन मंगलवार

आपका दिन शुभ हो।

## विषय- हिन्दी, कक्षा- 5, पाठ- 1, भाग -3

# पंच परमेश्वर




पंचायत का बना विचार,
वही फैसला हो स्वीकार।
समझू साहू बड़े चालक,
सरपंच लिया जुम्मन को पुकार।।

न्याय का ऊँचा आसन पाया,
सही-गलत तब समझ में आया।
सुनी बहस दोनों पक्षो की,
जुम्मन ने फैसला सुनाया।।

समझू अब बैल का दाम चुकाये,
अलगू तब फूले न समाये।
पंच परमेश्वर की कर जयकार,
ह्रदय से जुम्मन को लगाये।।

मैल धुला दोनों के मन का,
बहे अश्रु और मन हुआ हल्का।
हरी हुई लता मुरझायी,
सच्ची मित्रता फिर रंग लायी।।



रचना:-
पुष्पा पटेल (प्र०अ०)
प्रा० वि० संग्रामपुर,
क्षेत्र व जनपद - चित्रकूट




Scanned with OKEN Scanner

शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।
दिनांक 10 जुलाई 2024
काव्यांजलि
2254
दिन गुरूवार
आपका दिन शुभ हो।

विषय- संस्कृत, कक्षा- 4, पाठ- 06 (भाग- 01)

# बुद्धि बलम्



एक समय एक निर्जन वन में,
बड़ा ही भयंकर सिंह था रहता।
"रोज एक पशु को मेरी गुफा में,
आहार के लिए भेजो" ये कहता।।

आतंक से उसके डरकर के सारे,
पशुओं ने एक सभा बुलायी।
निर्णय ले, फिर एक पशु की,
गुफा में जाकर प्रतिदिन बलि चढ़ाई।।

चलता रहा यह क्रम, फिर एक दिन,
एक खरगोश की जाने की आई बारी।
सोचा बहुत फिर, सिंह के पास उसने,
जाने की कर ली तैयारी।।

पथ में एक कुएँ को देख कर,
सिंह से बचने का उपाय उसे सूझा।
पहुँचा गुफा में जब, सिंह ने गरजकर,
देरी से आने का कारण पूछा।।


~रचना~



श्रीमती पूनम गुप्ता (स०अ०)
प्रा० वि० धनीपुर, क्षेत्र- धनीपुर
जनपद- अलीगढ़



Scanned with OKEN Scanner



दिनांक
11 जुलाई, 2024

# काव्यांजलि
2255

दिन
गुरुवार

आपका दिन शुभ हो।

कक्षा-6, विषय- हिन्दी(मंजरी)

# कौन बनेगा निंगथउ (राजा)

(पाठ-15, भाग-1)

सुनो! सुनाएँ एक कहानी,
मणिपुर के राजा की जुबानी।
बहुत समय पहले की बात,
राज्य एक था कांगलइपाक।।

एक निंगथउ, एक उनकी लेइमा,
अपने महल में रहते थे।
दोनों निःसन्तान थे लेकिन,
प्रजा को प्यार वे करते थे।।

निंगथउ और लेइमा को बेहद,
पशु-पक्षी और पेड़ थे प्यारे।
इसीलिए सब रोज मनाते,
तुंगी निंगथउ के लिए गुहारें।।

एक दिन खुशियों ने दी दस्तक,
कांगलइपाक में मच गयी धूम।
जन्मा था युवराज सलोना,
सबने माथा लिया था चूम।।



**शब्द -अर्थ**
निंगथउ-राजा
लेइमा-रानी
तुंगी निंगथउ -युवराज

रचना
शिखा वर्मा (इं०प्र०अ०)
उच्च प्राथमिक विद्यालय स्योढ़ा
क्षेत्र- बिसवाँ, जनपद- सीतापुर

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।





Scanned with OKEN Scanner

शिक्षा का उत्थान
# मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।



दिनांक
12 जुलाई
2024

# काव्यांजलि
2256


दिन
शुक्रवार

आपका दिन शुभ हो।

## विषय- विज्ञान, कक्षा- 6 इकाई- 10

# खुले में शौच करने के दुष्प्रभाव....

### स्वास्थ्य एवं स्वच्छता



जल स्रोतों में संक्रमण होता,
पानी पीने योग्य न रहता।
कृमि सम्बन्धी रोग हो सकते,
स्वास्थ्य को जो प्रभावित करते।।

सड़क किनारे गन्दगी फैले,
झाड़ी में साँपों का डर।
असुविधा जनक और असुरक्षित,
भैया खुले में शौच न कर।।

वर्षा जल के साथ में बहकर,
नदियों में मलमूत्र मिले।
बढ़े संक्रमण बीमारी का,
जिनसे नहीं निजात मिले।।

बहू बेटियों का सम्मान,
यदि बनाये रखना है।
घर में शौचालय बनवाओ,
शासन का भी कहना है।।



रचना:-

राज कुमार शर्मा (प्र०अ०)
उच्च प्राथमिक विद्यालय चित्रवार
क्षेत्र- मऊ, जनपद- चित्रकूट




Scanned with OKEN Scanner

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान।



दिनांक 13 जुलाई, 2024

## काव्यांजलि 2257

दिन शनिवार

आपका दिन शुभ हो।

कक्षा-6, विषय- हिन्दी(मंजरी)

# कौन बनेगा निंगथउ (राजा)

(पाठ-15, भाग-2)

बजी मधुर बाँसुरी, ढोलकें,
लोग नाचते खुश होकर।
इसके बाद दो और पुत्रों को
रानी खुश हुई जन्म देकर।।

सानाजाउबा, सायाइमा,
तीसरा पुत्र सानातोम्बा था।
फिर एक प्यारी पुत्री जन्मी,
नाम सानातोम्बि जिसका था।।



बीते साल तो राजा बोले,
अब राजा का करें चुनाव।
वही बनेगा राजा अगला,
होगा प्रजा का जिससे लगाव।।



बड़ा पुत्र बनता था राजा,
ऐसी बदलें प्रथा पुरानी।
योग्यता जो भी सिद्ध करेगा,
राजा चुनेगी प्रजा सयानी।।


रचना

शिखा वर्मा (इं०प्र०अ०)
उच्च प्राथमिक विद्यालय स्योढ़ा
क्षेत्र- बिसवाँ, जनपद- सीतापुर



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।






Scanned with OKEN Scanner

शिक्षा का उत्थान
# मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।



दिनांक
15 जुलाई
2024

काव्यांजलि
2258

दिन
सोमवार


आपका दिन शुभ हो।

# पार हिमालय

कक्षा-06 विषय- भूगोल
(पृथ्वी और हमारा जीवन)
पाठ-08
भारत का स्वरूप

हिमालय के बाहरी भाग को,
ट्रांस या पार हिमालय कहते।
तीन पर्वत श्रेणियों में,
इसको हम हैं पढ़ते।।

जास्कर लद्दाख की श्रेणी,
पाते इसमें हम।
सबसे ऊँची पर्वत श्रेणी,
इसकी है कराकोरम।।





सबसे उत्तर में हिमालय के,
यह है रहता स्थित।
वर्ष भर यह देखो तुम,
बर्फ से रहता आच्छादित।।

भारत की सबसे ऊँची,
चोटी भी इसमें आती,
के2 या गॉडविन ऑस्टिन,
के नाम से जानी जाती।।

रचना:-
सुधांशु श्रीवास्तव (स०अ०)
प्राथमिक विद्यालय मणिपुर
ऐरायां, फ़तेहपुर



आओ हाथ से हाथ मिलायें
9458278429
बेसिक शिक्षा का मान बढ़ायें।



दिनांक
16 जुलाई 2024

# काव्यांजलि
2259

दिन
मंगलवार

आपका दिन शुभ हो।

पाठ-15
भाग- 02

कक्षा -2 विषय- कलरव
(हिन्दी)

# कद्दू राजा की बारात




दूल्हे कद्दू राजा भी,
खुश होकर नाचे।
तभी जोर-जोर से शलजम,
प्याज में बजाए बाजे।।

फिर चाट ,पकौड़ी और,
समोसा सबने मिलकर खायी।
कद्दू जी की थी बारात,
सबने खुशियाँ मनायी।।

टिण्डा तोरई ने शादी में,
फुलझड़ी,पटाखे छुड़ाये।
शादी की धूमधाम देख,
दूल्हे राजा मुस्काये।।

तभी अचानक सुबह जब,
खुल गई नींद मेरी।
देख रहे थे हम सपना,
इतने में हो गई देरी।।

रचना-
मृदुला वर्मा (स०अ०)
प्रा० वि० अमरौधा प्रथम
क्षेत्र- अमरौधा, जनपद- कानपुर देहात

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद शिक्षक का सम्मान।






Scanned with OKEN Scanner

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान।



दिनांक
17 जुलाई 2024

# काव्यांजलि

2260

दिन
बुधवार


आपका दिन शुभ हो।

विषय- हमारा भूमण्डल

## कक्षा- 7 पाठ- 5, भाग- 2

## वायुमण्डल की परतें

आइये अब विस्तार से जाने,
सबके क्रिया-कलाप पहचाने।
वायुमण्डल है जीवनदायिनी,
खुद समझें औरों को समझाएँ।।




सबसे निचली परत है क्षोभमण्डल,
पन्द्रह किमी ऊँचाई है लगभग।
वायुमण्डल का है घना भाग,
तापमान में होता रहता परिवर्तन।।

यह परिवर्तन मण्डल भी कहलाये,
मौसम सम्बन्धी होती घटनाएँ।
कोहरा, बादल, ओला, तुषार, आँधी,
और तूफान, बादलों की गर्जनाएँ।।

बिजली की कड़क और चमक,
है यह बहुत महत्वपूर्ण परत।
धरातल के जीवों के लिये,
जीवनदायिनी है ये परत।।


रचना-
रुखसाना बानो (स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय अहरौरा
जमालपुर, मीरजापुर


शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान



आओ हाथ से हाथ मिलायें 9458278429 बेसिक शिक्षा का मान बढ़ायें।


Scanned with OKEN Scanner



# काव्यांजलि 2261

दिनांक 18 जुलाई 2024

दिन गुरुवार

आपका दिन शुभ हो।

पाठ- 08

कक्षा- 6

## विषय- भूगोल (पृथ्वी और हमारा जीवन)

## भारत का भौतिक स्वरूप

### उत्तर का मैदान

उत्तर हिमालय से नदियाँ,
मैदान की ओर हैं जब आतीं।
अपने साथ बड़े-बड़े बोल्डर,
कंकड़-पत्थर, अवसाद लातीं।।


नदियों द्वारा शिवालिक पर्वत श्रेणी के सहारे,
निक्षेपित अवसाद हों आठ से सोलह किमी में प्यारे।
कहते इसको हम भाबर हैं नदियाँ विलुप्त हो जातीं,
पत्थर एवं अवसाद के नीचे ये हो जातीं।।

आगे नदियाँ पुन: धरातल पर दिखलाई देतीं,
भाबर के सहारे नम, दलदली क्षेत्र हैं निर्मित करतीं।
कहते इसे तराई हम हैं जैव विविधतापूर्ण,
भाबर और तराई दोनों विस्तृत वनों से युक्त।।

इसी क्षेत्र में स्थित है दुधवा राष्ट्रीय उद्यान,
विश्व में सबसे विस्तृत, समतल उत्तर का मैदान।।

इसका ढाल पश्चिम से पूरब,
गंगा, सिन्धु, ब्रह्मपुत्र बहतीं।
जलोढ़ मिट्टी से अपनी,
इस क्षेत्र को उपजाऊ हैं करतीं।।

भाबर एवं तराई




रचना
अरविन्द कुमार सिंह (स० अ०)
प्रा० वि० धवकलगंज
बड़ागाँव, वाराणसी





Scanned with OKEN Scanner

शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।
new text
दिनांक
19 जुलाई 2024
काव्यांजलि
2262
दिन
शुक्रवार
आपका दिन शुभ हो।

कक्षा 3, विषय-हिन्दी (पंखुड़ी)

## पाठ 10, बन्दर बाँट (भाग 2)



बन्दर वहाँ एक फिर आया,
पूँछा क्यों है झगड़ा लगाया।
किसकी रोटी मैं बतलाऊँ,
तुम दोनों का फैसला करवाऊँ।।

पूँछा दोनों से बारी- बारी
बोलो क्या है समस्या तुम्हारी।
दोनों की मैं बात सुनूंगा,
जिसका हक हो रोटी दूंगा।।



पूँछा कोई गवाह किस्से का,
जिसने हो वह किस्सा देखा।
रोटी तोड़ के बराबर ले लो,
फैसला ये तुम दोनों मान लो।।

दोनों राज़ी हुई इस बात पर,
हामी दी बन्दर की बात पर।
धर्मकांटा फिर बन्दर लाया,
रोटी को रख उसने तौलाया।।

रचना
डॉ० नीतू शुक्ला (प्र० अ०)
मॉडल प्राइमरी स्कूल बेथर 1
सिकन्दरपुर करन, उन्नाव






Scanned with OKEN Scanner

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान।



दिनांक 20 जुलाई 2024

## काव्यांजलि

**2263**

दिन शनिवार


आपका दिन शुभ हो।

कक्षा- 6, विषय- विज्ञान

इकाई- 6 जीव जगत


## जन्तुओं का वर्गीकरण (भाग- 1)

जन्तुओं को वर्गीकृत करने के,
बच्चों! होते हैं अनेक तरीके।
आधार हैं मेरूदण्ड की उपस्थिति,
संरचना, वास स्थान, प्रजनन विधि।।




संरचना के आधार पर जन्तु,
दो भागों में बाँटे जाते हैं।
जो एककोशिक और,
बहुकोशिक जन्तु कहलाते हैं।।

जिन जन्तुओं का शरीर केवल,
एक ही कोशिका से होता बना।
एककोशिक जीव कहलाते वे,
जैसे- अमीबा, पैरामीशियम, यूग्लीना।।




एक से अधिक कोशिकाओं से,
जिन जन्तुओं का शरीर बना होता।
बहुकोशिक जन्तु कहलाते वे,
जैसे- मछली, मनुष्य, मेढक, हाइड्रा।।

रचना-
सुमन सिंह (स०अ०)
उ० प्रा० वि० बिल्ली
वि० क्षे०- चोपन, सोनभद्र

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।





Scanned with OKEN Scanner

शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।



दिनांक 22 जुलाई 2024

काव्यांजलि 2264

दिन सोमवार

आपका दिन शुभ हो।

विषय- संस्कृत, कक्षा- 4, पाठ- 06 (भाग- 02)

# बुद्धि बलम्



मासूमियत से, उस खरगोश ने,
देरी से आने का कारण बताया।
रोक लिया मुझे, जिसने पथ में,
आप जैसा एक सिंह वन में आया।।

लेकर चलो मुझे उस सिंह के पास,
यह कहकर सिंह जोरों से गरजा।
सिंह को लेकर फिर, खरगोश चतुर,
उस गहरे कुएँ के पास में पहुँचा।।

झाँका कुएँ में जब सिंह तो जल में,
दिखलायी दी उसी की परछाई।
समझ करके दूसरा सिंह, उस शेर ने,
मारने के लिए छलांग लगायी।।

मर ही गया वह शेर भयंकर,
परेशान जो सबको था करता।
"बल से हमेशा बुद्धि बड़ी है",
खरगोश वन में सबसे यह कहता।।

~रचना~




श्रीमती पूनम गुप्ता (स०अ०)
प्रा० वि० धनीपुर, क्षेत्र- धनीपुर
जनपद- अलीगढ़



Scanned with OKEN Scanner

शिक्षा का उत्थान
# मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।



दिनांक 23/07/2024

काव्यांजलि 2265

दिन मंगलवार

आपका दिन शुभ हो।

कक्षा- 5, विषय- हिन्दी

पाठ- 02


## पंच परमेश्वर (भाग-2)

फैसला हुआ हर माह खर्च,
खाला को देना होगा।
नहीं तो खाला की जमीन,
तुमसे वापिस लेना होगा।।

सुनकर फैसला अलगू का,
जुम्मन था सकपकाया।
बदला लूँगा अलगू से एक दिन,
था मन में उसके आया।।

कुछ ही दिनों के बाद जुम्मन,
शेख को मिल गया मौका।
अलगू चौधरी के बैलों की,
टूटी जोड़ी जैसे टूटी नौका।।

समझू साहू ने अलगू का,
एक बैल था खरीद लिया।
काम लिया उस बैल से बेहद,
पर भूखा वो मार दिया।।



रचना- पारुल चौधरी (स०अ०)
उ० प्रा० वि० हरचंदपुर (1-8)
खेकड़ा, बागपत

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।





Scanned with OKEN Scanner

शिक्षा का उत्थान
# मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।



दिनांक 24 जुलाई 2024

## काव्यांजलि
2266

दिन बुधवार

आपका दिन शुभ हो।

**विषय- विज्ञान, कक्षा- 6 इकाई- 09**

## स्वस्थ रहने के लिए क्या खायें....

### भोजन और स्वास्थ्य

गन्ने का रस, शरबत,
देता ऊर्जा-शक्ति।
गुड़, सत्तू, लइया-चना से,
सेहत बनती।।

मट्ठा, दूध, छाछ, लस्सी से,
त्वचा स्वस्थ है रहती।
रहता स्वस्थ शरीर व मन,
इनसे बुद्धि बढ़ती।।



पौष्टिक और सुपाच्य है,
अंकुरित अनाज।
मौसमी फलों का सेवन से,
हों रेशे प्राप्त।।

इडली, डोसा, सांभर, हलुवा,
घर में बना के खायें ।
बाजार में बनें कचौड़ी-खस्ता,
समोसा आदि कम खायें।।



**रचना:-**

राज कुमार शर्मा (प्र०अ०)
उच्च प्राथमिक विद्यालय चित्रवार
क्षेत्र- मऊ, जनपद- चित्रकूट



Scanned with OKEN Scanner

दिनांक 25 जुलाई, 2024

# काव्यांजलि 2267

दिन गुरुवार

आपका दिन शुभ हो।

कक्षा-6, विषय- हिन्दी(मंजरी)

## कौन बनेगा निंगथउ (राजा)

(पाठ-15, भाग-3)

एक मुकाबला तब राजा ने,
युवराजों के बीच रखवाया।
जो पहले पहुँचे बरगद तक,
वही तो राजा जायेगा बनाया।।



घोड़े पर होकर सवार फिर,
तीनों ने कौशल दिखलाया।
पहला ने तो भेद खोंगनंग,
पार करके सबको चकराया।।

अब बारी थी दूसरे पुत्र की,
सानायाइमा था तैयार।
एड़ लगायी घोड़े को फिर,
बरगद पूरा कर गया पार।।



दाँत तले उँगलियाँ दबाये,
लोग बड़े हैरत में आये।
तीसरा सानातोम्बा अब तो,
दिखा घोड़े पर दौड़ लगाये।।


रचना
शिखा वर्मा (इं०प्र०अ०)
उच्च प्राथमिक विद्यालय स्योढ़ा
क्षेत्र- बिसवाँ, जनपद- सीतापुर





Scanned with OKEN Scanner

शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।



दिनांक
26 जुलाई
2024

काव्यांजलि
2268

दिन
शुक्रवार


आपका दिन शुभ हो।

# कराकोरम पर्वत श्रेणी

कक्षा-06 विषय- भूगोल
(पृथ्वी और हमारा जीवन)
पाठ-08
भारत का स्वरूप

कराकोरम पर्वत श्रेणी,
इसके चार है ग्लेशियर।
सियाचिन, वाल्टोरा,
वियाफो तथा हिस्पर।।

करारोरम का विस्तार,
पूर्व तिब्बत तक पाते।
कैलाश श्रेणी के नाम से,
वहाँ इसे हैं जानते।।




काराकोरम के दक्षिण में,
लद्दाख श्रेणी पर राकापोषी।
सबसे खड़ी ढाल है,
बहती सिन्धु व श्योक नदी।।

रचना:-
सुधांशु श्रीवास्तव (स०अ०)
प्राथमिक विद्यालय मणिपुर
ऐरायां, फ़तेहपुर



आओ हाथ से हाथ मिलायें
9458278429
बेसिक शिक्षा का मान बढ़ायें।

Scanned with OKEN Scanner

शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।



दिनांक
27 जुलाई 2024

काव्यांजलि
2269

दिन
शनिवार

पाठ-19

आपका दिन शुभ हो।

कक्षा -2 विषय- कलरव
(हिन्दी)

# हमारे राष्ट्रीय प्रतीक




भारत देश हमारा प्यारा,
सबसे सुन्दर सबसे न्यारा है।
बोलियाँ हमारी अलग-अलग,
पर राष्ट्रगान एक हमारा है।।

अनेकता में एकता का,
प्रतीक माना जाता है।
राष्ट्र का तिरंगा झण्डा,
जब शान से लहराता है।।

राष्ट्रीय पक्षी मोर हमारा,
सुन्दर नाच दिखाता है।
सबसे सुन्दर फूल कमल,
राष्ट्रीय पुष्प कहलाता है।।

हिन्दी है राष्ट्र भाषा हमारी,
और राष्ट्रीय पशु बाघ है।
भिन्न-भिन्न है धर्म हमारे,
पर हम सब एक साथ हैं।।

रचना-
मृदुला वर्मा (स०अ०)
प्रा० वि० अमरौधा प्रथम
क्षेत्र- अमरौधा, जनपद- कानपुर देहात

शिक्षा का उत्थान,
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।






Scanned with OKEN Scanner

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान।



दिनांक 29 जुलाई 2024

# काव्यांजलि

2270

दिन सोमवार

आपका दिन शुभ हो।

विषय- हमारा भूमण्डल

## कक्षा- 7 पाठ- 5, भाग- 3

## वायुमण्डल की परतें

समतापमण्डल में है ओजोन परत,
जो है सबसे महत्वपूर्ण परत।
बचाती हमें पराबैगनी किरणों से,
जो सूर्य की किरण है हानिकारक।।




मध्यमण्डल में होता उल्कापात,
टूटते हैं तारे समय होता है रात।
होती है जब ये घटना घटित,
देख होते हैं हम आश्चर्यचकित।।




आयनमण्डल रेडियो तरंगों को,
पृथ्वी की ओर करता परिवर्तित।
जिसके कारण हमें सुनाई देता,
रेडियो-टेलीविज़न का प्रसारण।।

वायुमण्डल की सबसे बाहरी परत,
को कहते हैं बाह्य मण्डल परत।
हाईड्रोजन-हीलियम गैसें मिलतीं,
कृत्रिम ग्रह होते हैं स्थापित।।

रचना-
रुखसाना बानो (स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय अहरौरा
जमालपुर, मीरजापुर

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।




आओ हाथ से हाथ मिलायें 9458278429 बेसिक शिक्षा का मान बढायें

Scanned with OKEN Scanner

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान।



दिनांक 30 जुलाई 2024

## काव्यांजलि

2271

दिन मंगलवार

पाठ- 08

आपका दिन शुभ हो।

कक्षा- 6


## विषय- भूगोल (पृथ्वी और हमारा जीवन)

## भारत का भौतिक स्वरूप

### उत्तर का मैदान सिन्धु नदी-तंत्र

किसी नदी और उसकी सहायक,
नदियों से जो तंत्र बने।
कहते उसे नदी तंत्र हम,
मैदानों में ये बहें।।

भारत के मैदानी भाग को,
तीन नदी तंत्रों में बाँटें।
सिन्धु, गंगा, ब्रह्मपुत्र,
नदियों के तंत्र पढ़ें आगे।।




सिन्धु नदी तंत्र की मुख्य,
नदी सिन्धु है कहलाती।
साथ में झेलम, चिनाव, सतलज,
व्यास और नदी रावी।।

नदी-तन्त्र यह जम्मू कश्मीर,
पंजाब, हिमाचल में फैला।
मानसरोवर झील तिब्बत में,
सिन्धु का उद्गम स्थल अहला।।

रचना
अरविन्द कुमार सिंह (स० अ०)
प्रा० वि० धवकलगंज
बड़ागाँव, वाराणसी



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।


आओ हाथ से हाथ मिलायें 9458278429 बेसिक शिक्षा का मान बढ़ायें

Scanned with OKEN Scanner

शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।
दिनांक 31 जुलाई 2024
काव्यांजलि
2272
दिन बुधवार
आपका दिन शुभ हो।

कक्षा 3, विषय-हिन्दी (पंखुड़ी)

# पाठ 10, बन्दर बाँट (भाग 3)



रखे जब टुकड़े पलड़ों पर,
एक हल्का एक भारी हुआ पर।
भारी टुकड़ा तोड़ के खाता,
तो दूजा भारी हो जाता।।

फिर भारी को तोड़ के खाता,
दूजा पलड़ा फिर झुक जाता।
यही क्रम चलता बारम्बार,
बन्दर खाता रोटी लगातार।।



बिल्ली समझीं उसकी चालाकी,
दोनों ने एक दूजे से बात की।
बोली बन्दर से अब मत तौलो,
बची रोटी हमको दे दो।।

बन्दर बाँट के चक्कर में हमनें,
अपनी सारी रोटी गवायीं।
पहले जो ये समझ आ जाता,
झगड़ा बिलकुल हमारा न होता।।

रचना
डॉ० नीतू शुक्ला (प्र० अ०)
मॉडल प्राइमरी स्कूल बेथर 1
सिकन्दरपुर करन, उन्नाव





Scanned with OKEN Scanner

# काव्यांजलि माह- जुलाई , 2024

2246- सोमवार, 01 जुलाई, शिविर उपकरण, शहनाज बानो, चित्रकूट
2247- मंगलवार, 02 जुलाई, लोकगीत, शिखा वर्मा, सीतापुर
2248- बुधवार, 03 जुलाई, उत्तर का पर्वतीय भाग, सुधांशु श्रीवास्तव, फतेहपुर
2249- गुरुवार, 04 जुलाई, कद्दू ज़ी की बारात, मृदुला वर्मा, कानपुर देहात
2250- शुक्रवार, 05 जुलाई, वायु मण्डल की परतें, रुखसाना बानो, मिर्ज़ापुर
2251- शनिवार, 06 जुलाई, हिमाचल श्रेणी, अरविन्द कुमार सिंह, वाराणसी
2252- सोमवार, 08 जुलाई, बन्दर बाँट, डॉ० नीतू शुक्ला, उन्नाव
2253- मंगलवार, 09 जुलाई, पंच परमेश्वर, पुष्पा पटेल, चित्रकूट
2254- बुधवार, 10 जुलाई, बुद्धि बलम्, पूनम गुप्ता, अलीगढ़
2256- गुरुवार, 11 जुलाई, कौन बनेगा निंगथउ राजा, शिखा वर्मा, सीतापुर
2256- शुक्रवार,12 जुलाई खुले में शौच करने के दुष्प्रभाव, आर. के शर्मा, चित्रकूट
2257- शनिवार,13 जुलाई, कौन बनेगा निंगथउ-2, शिखा वर्मा, सीतापुर
2258_ सोमवार, 15 जुलाई, पार हिमालय, सुधांशु श्रीवास्तव, फतेहपुर
2259_मंगलवार, 16 जुलाई, कद्दू ज़ी की बारात-2, मृदुला वर्मा, कानपुर
2260_ बुधवार, 17 जुलाई वायुमंडल की परतें-2, रुखसाना बानो, मिर्ज़ापुर
2261_ गुरुवार, 18 जुलाई, उत्तर का मैदान, अरविन्द  कुमार सिंह, वाराणसी
2262_शुक्रवार 19 जुलाई, बन्दर बाँट-2, डॉ• नीतू शुक्ला, उन्नाव
2263_शनिवार 20 जुलाई, जंतुओं का वर्गीकरण, सुमन सिंह, सोनभद्र
2264_सोमवार, 22 जुलाई, बुद्धि बलम्, पूनम गुप्ता, अलीगढ़
2265_मंगलवार, 23 जुलाई, पंच परमेश्वर, पारुल चौधरी, बागपत
2266_ बुधवार, 24 जुलाई, स्वस्थ रहने के लिये क्या खायें, आर. के शर्मा, चित्रकूट
2267_ गुरुवार, 25 जुलाई, कौन बनेगा निंगथउ-3, शिखा वर्मा, सीतापुर
2268_ शुक्रवार 26 जुलाई, कराकोरम पर्वत श्रेणी, सुधांशु श्रीवास्तव, फतेहपुर
2269_शनिवार 27 जुलाई, हमारे राष्ट्रीय प्रतीक, मृदुला वर्मा, कानपुर
2270_सोमवार, 29 जुलाई, वायुमंडल की परतें-3, रुखसाना बानो, मिर्ज़ापुर
2271_मंगलवार 30 जुलाई, उत्तर का मैदान, अरविन्द कुमार सिंह, वाराणसी
2272_बुधवार, 31जुलाई, बन्दर बाँट-3, डॉ• नीतू शुक्ला, उन्नाव

**संकलन कर्ता :- राज कुमार शर्मा, मिशन शिक्षण संवाद**

Scanned with OKEN Scanner